# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्रवधिक विष्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश

**_जानकीपुरम विस्तार सेक्टर–11, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031_**


पत्रांक:ए0के0टी0यू0 / यूपीटीएसी–2026 / 2711 दिनांक 21 अगस्त, 2026

सेवा में,

प्राचार्य / निदेशक,
समस्त सम्बद्ध संस्थान
ए0के0टी0यू0,लखनऊ।

**विषयः–** यूपीटीएसी–2026 आनलाइन काउंसलिंग से आवंटित अभ्यर्थियों के प्रवेश के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना।

महोदय,

जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि उत्तर प्रदेश टेक्निकल एडमीशन काउंसलिंग (यूपीटीएसी–2026) में समर्थ के माध्यम से आनलाइन काउंसलिंग की जा रही है। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं निजी संस्थानों में आवंटित हो रही सीटों के सापेक्ष जिन अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान में फिजिकल रिर्पोटिंग की जा रही हैं, उन अभ्यर्थियों से इस आशय का शपथ पत्र संस्थान प्राप्त करें कि उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये **समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक प्रपत्र** पूर्ण रूप से सत्य हैं और यदि किसी भी स्थिति में किसी भी समय उनमें कोई कूटरचित प्रमाण पत्र पाया जाता है, तो संस्थान में अभ्यर्थियों का प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थान और सबन्धित अभ्यर्थी की होगी। इस आशय का शपथ पत्र समस्त अभ्यर्थियों से संस्थान को प्राप्त करना होगा और इस शपथ पत्र की स्कैन कॉपी नामांकन के समय विश्वविद्यालय को जमा करना होगा। प्रत्येक नामांकन फार्म में संस्थान द्वारा संलग्न करते हुए विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाना है। तथा समस्त संस्थान शपथ पत्र की हार्ड कापी अपने पास संरक्षित करें। आवश्यकता पड़ने पर संस्थानों को विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा।

**संलग्नक यथोक्तः**

**भवदीय,**

(रीना सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–**

1. समन्वयक, यूपीटीएसी–2026, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. उप कुलसचिव, नामांकन, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

# शपथ पत्र

मैं, श्री/सुश्री........................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी.............................................................

उम्र लगभग.......................... वर्ष, निवासी......................................................................................................

शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ कि.........................................................................................

1. यह कि मैं......................................................................पद/प्रवेश/आवेदन हेतु उम्मीदवार हूँ।
2. यह कि मेरे द्वारा सम्बन्धित आवेदन/प्रक्रिया के अन्तर्गत जमा किये गये सभी दस्तावेज, प्रमाण–पत्र अभिलेख एवं उनके साथ प्रस्तुत की गई समस्त जानकारी मेरे संज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, सही एवं वास्तविक है।
3. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किसी भी दस्तावेज, प्रमाण–पत्र अथवा जानकारी में जानबूझकर कोई तथ्य छिपाया, गलत विवरण दिया अथवा कूटरचित/जालसाजी नहीं की गई है।
4. यह कि यदि मेरे द्वारा प्रस्तुत किसी दस्तावेज या जानकारी को भविष्य में असत्य, गलत, कूटरचित अथवा भ्रामक पाया जाता है, तो मेरा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाये, जिसके लिए मैं स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी तथा सुसंगत नियमों के अनुसार की जाने वाली कार्यवाई मुझे स्वीकार होगी।
5. यह कि उपर्युक्त कथन मेरे व्यक्तिगत ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं तथा इसमें कोई तथ्य असत्य या छिपाया नहीं गया है।

स्थानः..........................................

दिनांकः..........................................

शपथकर्ता के हस्ताक्षरः........................................................

नामः.....................................................................................

मोबाइल नम्बरः.......................................................................

अपार आईडी.............................................................................

सत्यापन

मैं, उपर्युक्त शपथकर्ता, यह सत्यापित करता/करती हूँ कि इस शपथ–पत्र में अंकित उपर्युक्त सभी कथन मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं और इनमें कोई तथ्य असत्य या छिपाया हुआ नहीं है।

स्थानः.........................................................

दिनांकः......................................................

शपथकर्ता के हस्ताक्षरः............................................................